मनोज सिन्हा
Manoj Sinha

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं
रेल राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली–110 001

Minister of State for Communications
(Independent Charge) &
Minister of State for Railways
Government of India
New Delhi-110 001

प्रिय मित्रों,

9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, के अवसर पर आपको संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहाहै। इसी दिन से राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2017 का भी प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देता हूँ।

आपको विदित है कि विश्व डाक दिवस प्रत्येक वर्ष 9 अक्टूबर को विश्व डाक संघ के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम राष्ट्रीय डाक सप्ताह के विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ करते हैं, जो कि सामान्य जनमानस एवं व्यावसायिक क्षेत्र में डाक विभाग की भूमिका केबारे में जागरूकता पैदा करते हैं। यह सप्ताह देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भारतीयडाक के योगदान को भी प्रदर्शित करता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने एक सम्बोधन में सामाजिक प्रगति में भारतीय डाक की महती भूमिका को स्वीकार करते हुए तथा जन मानस से जुड़ाव को संबोधित करते हुए कहा किसरकार का प्रतिनिधि अगर हिंदुस्तान के सामान्य नागरिकों से जुड़ा हुआ होता है, तो वोडाकिया होता है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

बदलते समय में अपनी सार्थकता बनाये रखने हेतु विभाग न केवल अपनी कार्य - प्रणाली मेंआवश्यक परिवर्तन कर रहा है अपितु ढाँचागत बदलाव भी कर रहा है ।विभाग ने अंतरसंचालित ATM स्थापित करने के साथ-साथ डाकघरों में कोर बैंकिंग सुविधा प्रदान की है।इसके अतिरिक्त इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की दो शाखायें-रांची एवं रायपुर में स्थापित की गई हैं। यह बैंकिंग पहुँच से छूटे क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा एवं वित्तीय समावेशन प्रदान करने हेतु हमारीप्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रामीण तंत्र को मजबूत करने हेतु हमने RICT उपकरण ग्रामीणडाकघरों में उपलब्ध कराये हैं। वास्तविक समय में डिलीवरी डाटा अपडेट की सुविधा प्रदानकरने हेतु स्मार्टफोन उपलब्ध कराये गए हैं।

क्रमश:

शहरी-ग्रामीण विभेद मिटाने की दिशा में भारतीय डाक ई-कॉमर्स के लाभ को ग्रामीणजनों तक पहुँचाने में एक सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उपरोक्त योजनाओं में आपके अब तक के सहयोग के लिये मैं कोटिश: आभार व्यक्तकरता हूँ।

नागरिक केन्द्रित सेवाओं के लिए प्रथम विकल्प बनने हेतु हमने कुछ गंभीर प्रयत्न किए हैं।डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं आधार पंजीयन और अपडेशन की सुविधा हाल ही में प्रारम्भकी गई है। ग्राहकों के परिवादों के शीघ्र निस्तारण हेतु भारतीय डाक सहायता केंद्र एवं टोल फ्रीनंबर 1924 का प्रारम्भ किया गया है। CSI रोल आउट का दायरा और अधिक डाकघरों मेंबढ़ने के साथ भारतीय डाक अपनी सेवाओं को और अधिक निर्बाध, सुगम एवं त्वरित रूप सेप्रदान कर सकेगा। इस संदर्भ में मैं आपके निरंतर सहयोग का आकांक्षी हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके अथक एवं निरंतर सहयोग से विभाग न सिर्फ ग्राहकों काविश्वास अर्जित करेगा अपितु माननीय प्रधानमंत्री जी के नवभारत के निर्माण के सपने कोसाकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करेगा। भविष्य के हमारे प्रयासों में आपका पूर्णसहयोग अपेक्षित है।

आपको एवं पूरे डाक परिवार को मेरी शुभ कामनाएँ।

जय भारतीय डाक

आपका

मनोज सिन्हा

(मनोज सिन्हा)